
**योगाभ्यास** | योग केवल आसन नही शरीर में मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है : डॉ. लता पाठक

# सात समंदर पार पहुंचा भारत का योग



**नवभारत, जबलपुर।** सुबह की पहली किरण के साथ जब दुनिया के अलग-अलग देशों में लोग अपने दिन की शुरुआत करते हैं, तब उनमें से कई लोग संस्कारधानी जबलपुर की योग विशेषज्ञ डॉ. लता पाठक के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कर रहे होते हैं। मध्य प्रदेश की यह बेटी पिछले 21 वर्षों से योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनाकर देश-विदेश में हजारों लोगों तक पहुँचा रही है। योग विषय में पीएचडी प्राप्त डॉ. पाठक ने अपने ज्ञान और अनुभव के दम पर योग को वैश्विक मंच तक पहुँचाया है।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को नि:शुल्क सिखाती हैं योग

डॉ. लता पाठक की पहचान केवल अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक तक सीमित नहीं है। वे समाज के उन बच्चों तक भी योग पहुँचा रही हैं, जिनके पास महंगे प्रशिक्षण लेने की सुविधा नहीं है। सरकारी स्कूलों में जाकर वे आर्थिक रूप से कमजोर और ज़रूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क योग सिखाती हैं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करती हैं। डॉ. पाठक का मानना है कि योग शरीर को स्वस्थ रखने भर का माध्यम नहीं, बल्कि तनावमुक्त, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने की कला है। उनका कहना है कि यदि बचपन से ही योग को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए तो आने वाली पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक मजबूत बन सकती है।

### ऑस्ट्रेलिया से लेकर यूके तक सिखा रहीं योग

ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका के अनेक विद्यार्थी पिछले पाँच वर्षों से उनके ऑनलाइन सत्रों से जुड़े हुए हैं। इससे पहले वे कतर में योग इंस्ट्रक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

### फाउंडेशन के जरिए समाज सेवा

रियल लाइफ टाइम योगा फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. पाठक समय-समय पर नि:शुल्क योग शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं। उनका प्रयास है कि योग का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचे।

### योग को बनाएं दैनिक जीवन का हिस्सा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने को लेकर डॉ. पाठक का कहना है कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जिस प्रकार भोजन और नींद जीवन की आवश्यकताएं हैं, उसी प्रकार योग भी दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। उनका मानना है कि योग के माध्यम से न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरा राष्ट्र स्वस्थ और समृद्ध बन सकता है।

### इनका कहना है

योग भारत की समृद्ध और प्राचीन परंपरा है। शैक्षणिक शेड्यूल में योग की शिक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इससे स्वस्थ, संस्कारित और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण संभव हो सकता है।

**डॉ. लता पाठक,**
**योगाचार्य, जबलपुर**

### अपैक्स प्रशासक महेंद्र सिंह यादव पहली बार आएंगे जबलपुर

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र राज्य सहकारी बैंक (अपैक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव के प्रथम जबलपुर आगमन पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर में सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अशोक सिंघई, संभागीय मीडिया प्रभारी अखिलेश दीक्षित, वरिष्ठ सहकारिता कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी, रामजी यादव, पी.के. बेनर्जी, धनीराम चौबे, शरद जैन व सुनील खरे ने संयुक्त रूप से बताया कि महेंद्र सिंह यादव का आगमन सहकारिता क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उनके नेतृत्व में प्रदेश की सहकारी संस्थाओं व बैंकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने से सहकारिता आंदोलन को नई गति मिल रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सहकारिता से जुड़े गणमान्यजन यादव का आत्मीय अभिनंदन करेंगे।




# पीएम के विकास कार्यों की बैठक में दी गई जानकारी

**भाजपा कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की बैठक**

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा के संभागीय कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा जिला कार्यसमिति एवं जाति समाज जिले के इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक ली गई। बैठक की शुरुआत वंदेमातरम गीत एवं भारत माता के जयकारों के साथ की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बदलते स्वर्णिम भारत के 12 वर्ष के कार्यकाल के दौरान केंद्र एवं राज्य द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।


बैठक में बताया गया कि डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के तहत भारत की राजमार्ग और रेलवे व्यवस्था मजबूत हुई है, जिसमें एक्सप्रेसवे का जाल 1,000 किमी से बढ़कर 7,332 किमी हो गया है और रेलवे का लगभग पूर्ण विद्युतीकरण हो चुका है। जन-धन और आवास क्षेत्र में 58 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खुले और पीएम आवास योजना के जरिए गरीबों को करोड़ों पक्के घर दिए गए, जबकि स्वास्थ्य सुरक्षा के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत 44 करोड़ से ज्यादा मुफ्त स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया। इसमें नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर मंत्री रजनीश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राम पटेल, प्रदेश सह प्रभारी धनेश धनंजय, प्रदेश उपाध्यक्ष उदय प्रताप, प्रदेश कार्यालय मंत्री रामबाबू यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, प्रदेश मन की बात प्रभारी जीतू यादव, कमलेश नामदेव, संतोष रजक, गोविंद रजक, सुनील पटेल और संजय पटेल उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### गोल्ड मैडल विजेता हॉकी खिलाड़ी सिद्धार्थ बेन का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** काया कल्याण युवा बेन समाज जबलपुर ने भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी सिद्धार्थ बेन को अंडर-18 एशिया कप में गोल्ड मेडल जीतकर देश, संस्कारधानी जबलपुर एवं बेन समाज का नाम रोशन करने पर ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई दी। समाज ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जबलपुर बेन समाज ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर देवी सिंह बेन, राजाराम कटारिया, राम किशन बेन, प्रकाश बेन, प्रदीप बेन, आशीष बेन, सोनू बेन, विकास बेन, मुकेश बेन, राहुल बेन, बिक्का बेन, चंदन बेन, अजय बेन, राहुल बेन, संदीप बेन और नितेश बेन ने हर्ष व्यक्त किया।



### परमा एकादशी पर जगदीश बस्ती से निकाली गई प्रभात फेरी

**नवभारत, जबलपुर।** जगदीश बस्ती स्थित पी. एन. तिवारी का बाड़ा महादेव मंदिर, विवेक अग्रवाल के निवास से पुरुषोत्तम मास शुक्ल पक्ष की परमा एकादशी पर 11 जून की सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। यह पड़ाव, सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर, चरहाई, शंकर घी भण्डार व बड़ी महाकाली होते हुए गढ़ाफाटक के जगदीश मंदिर में संपन्न हुई। इसमें अमित विश्नोई, देवेंद्र नेमा, सुनील कोष्टा, वीरेंद्र नामदेव, ब्रजेश अग्रहरी, नरेश मोढ़ा, मनोज सोनी, नीलेश विश्नोई, शरद नामदेव, सुरेश शुक्ला, सत्य प्रकाश नामदेव, मनोज गुलबानी, नरेश कसरा, कमलेश नामदेव, प्रकाश सोनी, मुकेश केसरवानी सहित रश्मि शर्मा, भावना अग्रवाल, रंजीता केसरी, मंजू कोष्टा, अर्चना पटेल, अलका विश्नोई, संगीता केसरवानी, सुषमा गोवस्वामी, शशि रानी, तारा सेन, भानु रैकवार व अर्चना यादव बड़ी संख्या में शामिल हुए। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय से यह फेरी हर एकादशी को निकाली जा रही है।

### मदन महल श्रीराम मंदिर में वेदांत पाठशाला आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** श्रीराम मंदिर, मदन महल की वेदांत पाठशाला में चिन्मय विद्यापीठ के आचार्य हितेश चैतन्य ने तत्वबोध पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्थूल शरीर से परे सूक्ष्म शरीर पांच ज्ञानेंद्रियों, पांच कर्मेंद्रियों, पंचप्राण, मन और बुद्धि सहित 17 कलाओं व तत्वों का मिश्रण है। बाह्य विषयों का ज्ञान इन्हीं इंद्रियों से होता है और किसी भी विषय को जानने के लिए प्रत्येक ज्ञानेंद्रिय की आधिदैविक सत्ता जरूरी है। उन्होंने बताया कि त्वचा के देवता वायु, चक्षु के सूर्य, रसना के वरुण और घ्राणेंद्रिय के अश्विनी कुमार हैं। पंचज्ञानेंद्रियां पंचमहाभूतों के सात्विक अंश तथा पंचप्राण राजसिक अंश के मिश्रण से बने हैं।

## जिलहरी घाट पर चला स्वच्छता अभियान



**नवभारत, जबलपुर।** वाईएमसीए न्यू भेड़ाघाट द्वारा आयोजित डूबने से बचाव सप्ताह के चौथे दिन सचिव मेल्विन पोर्टर के नेतृत्व में जिलहरी घाट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें स्वयंसेवकों व प्रतिभागियों ने घाट से प्लास्टिक, कांच व कचरा हटाकर 12 किंग-साइज़ गार्बेज बैग एकत्रित किए। अभियान के दौरान स्वच्छता, नागरिक कर्तव्य व जल सुरक्षा पर चर्चा करते हुए स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों को घाट स्वच्छ रखने व कचरा न फैलाने के लिए जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि स्वच्छ घाट पर्यावरण संरक्षण के साथ जल दुर्घटनाएं व डूबने की घटनाएं रोकने में मददगार है। इस श्रमदान में वेदांत सोनी, विशाखा कोल, ईशान सराफ, संजीत कौर, निर्देश, करण चौधरी, संदेश नायडू, विश्वेंद्र सिंह व साहिब भल्ला सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# लायंस परिवार ने मनाया सम्मान दिवस



**नवभारत, जबलपुर।** लायंस परिवार जबलपुर द्वारा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन के जन्म दिवस पर लायंस नेतृत्व सम्मान दिवस मनाया गया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के आगामी सत्र 2026-27 के निर्वाचित वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय पीएमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन नीलम खरे, लायन दुर्गेश धूपर, जोन चेयरपर्सन लायन मनीषा सोनी, लायन रश्मि गुप्ता, लायन ज्ञानेन्द्र शर्मा, लायन ज्योति तिवारी व लायंस क्लब जबलपुर, सेन्ट्रल, मार्बल रॉक्स, जाबालि, फतेह, संस्कारधानी, श्रद्धा, स्टार, उदय, सिटी व टाऊन के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष सम्मानित हुए। इस मौके पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन डॉ. कैलाश गुप्ता ने कहा कि लायनवाद सेवा का अवसर देता है और सेवा से ही जीवन में संतुष्टि मिलती है, उन्हें लायनवाद से जुड़कर ही सेवा की प्रेरणा मिली। यह आयोजन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक, एमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल व एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन के सानिध्य में हुआ। यहाँ लायन राजेश्वरी चांडक, लायन अनीता जैन, लायन ज्ञान गोलछा, लायन एल.एन. अग्रवाल, लायन आनंद जैन व लायन एम.एम.नेमा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एमजेएफ लायन श्रध्दा साहू, लायन प्रकाश नेमा, लायन दीपा साहू, लायन अश्विनी रावल, लायन अंकिता जैन, लायन आई.एस. राजपूत, लायन सुनीता अग्रवाल, लायन दीपक पोपट, एमजेएफ लायन डॉ. संध्या जैन, लायन दिनेश जैन, लायन शिव कुमारी, लायन चंचल बाजपेई, लायन शरद सोनी, लायन जवाहर पटेल, लायन राजेन्द्र सोनी, लायन मनोज जैन, लायन भारत सिंह लोधी, लायन आजाद जैन, लायन प्रदीप जैन व लायन जितेन्द्र लालन ने किया।

# तीन दिवसीय सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शुरू

**महर्षि विद्या मंदिर में चल रहे कार्यक्रम**



**नवभारत, जबलपुर।** सीबीएसई के दिशानिर्देशों एवं राष्ट्रीय कार्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में, चेयरमैन ब्रह्मचारी गिरीश के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से महर्षि विद्या मंदिर-5, विजय नगर, जबलपुर में तीन दिवसीय 'इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' का शुभारंभ हुआ। 11 से 13 जून 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'कॉम्पिटेंसी बेस्ड एजुकेशन, एनईपी 2020, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग व इंडियन नॉलेज सिस्टम' है। इसमें जबलपुर और नरसिंहपुर के 5 विद्यालयों के 70 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे है। कार्यक्रम का आगाज गुरु पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीएसई रिसोर्स पर्सन वर्षा चौहान व मेंटर प्रिंसिपल निलेश कुमार पाण्डे ने किया। पहले दिन सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर व रिसोर्स पर्सन वर्षा चौहान ने 'कॉम्पिटेंसी बेस्ड एजुकेशन', 'हेल्थ एंड वेलनेस' व 'वैल्यू एजुकेशन' पर प्रशिक्षण दिया। इसमें शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, एआई के शैक्षिक उपयोग, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग व भारतीय ज्ञान प्रणाली का पाठ्यक्रम में उपयोग सिखाया गया। प्राचार्या प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि यह अनिवार्य प्रशिक्षण शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण को आनंददायक, कौशल व मूल्य आधारित और तकनीक युक्त बनाने में सहायक होगा। इस अवसर पर प्राचार्या प्रियंका पाण्डेय, प्राचार्य राजेश नरुला, अनुश्री नेमा, शालिनी भटनागर, अंजना चौधरी, अनामिका भट्टाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सीबीएसई, राष्ट्रीय कार्यालय भोपाल व चेयरमैन ब्रह्मचारी गिरीश का आभार माना।

## हज़रत सैय्यद चांद शाह वली का 29वां सालाना उर्स आज से

**नवभारत,जबलपुर।** उपरैनगंज स्थित मौलाना की गली में हज़रत सैय्यद चाँद शाह वली का 29वां सालाना उर्स आज से शुरू हो रहा है। दो दिवसीय उर्स के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम का आगाज़ आज जुमे को नमाज़-ए-मग़रिब के बाद कुरानख्वानी से होगा, जबकि रात्रि 10 बजे महफिल-ए-मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा। उर्स कमेटी के सचिव ताहिर खान ने बताया कि 13 जून को दोपहर 3 बजे मरहूम वली मोहम्मद के निवास से संदल जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहां मजार शरीफ पर चादरपोशी और संदल पेश किया जाएगा। नमाज़-ए-मग़रिब के बाद अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया जाएगा। वहीं नमाज़-ए-इशा के बाद मशहूर कव्वाल हलीम ताज अपने सूफियाना कलाम पेश करेंगे। कव्वाली कार्यक्रम से पूर्व स्वागत एवं सम्मान समारोह भी आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## मुहर्रम की तैयारियों को लेकर मदन महल दरगाह में बैठक



**नवभारत, जबलपुर।** मुस्लिम समाज का त्यौहार मुहर्रम आगामी दिनों में शुरू होने वाला है। संस्कारधानी जबलपुर में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे और अकीदत के साथ इमाम अली मुकाम हजरत इमाम हुसैन की याद में मुहर्रम मनाते हैं। मुहर्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की इजाजत से 11 जून को रात 9 बजे मदन महल दरगाह में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुहर्रम के विभिन्न कार्यक्रमों व व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसमें शहर की तमाम खानकाहों के गद्दीनशीन, मुतवल्ली, सज्जादानशीन, सवारी के मुजावर, ताजिया कमेटियों के जिम्मेदार, लंगर, सजावट तथा अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों से शिरकत की अपील की गई।

# महेंद्र यादव का शहर आगमन आज



**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन के नवनियुक्त अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का आज 12 जून को जबलपुर नगर आगमन पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर यादव महासभा जबलपुर के द्वारा एक बैठक गुरुवार को गोल बाजार जबलपुर मे आयोजित की गई जिसमें उपस्थित महासभा के पदाधिकारीयों ने एक मत होकर समाज के गौरव महेंद्र सिंह यादव का 12 जून सागर मार्ग से जबलपुर आगमन पर 11 बजे पाटन रोड बेनीखेड़ा में स्वागत किया जाएगा तत्पश्चात सायं काल 3:30 बजे पीएसएम कॉलेज, कलेक्ट्रेट के सामने उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बडडा, संभाग अध्यक्ष विजय यादव शहर अध्यक्ष नरेश यादव ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव, जिला महिला अध्यक्ष रश्मि यादव शहर अध्यक्ष सविता यादव, कंचन, कविता यादव आदि उपस्थित रहे।

**श्रद्धा** | गुजराती समाज की महिलाओं ने किया विशेष पूजन, दान-पुण्य कर दिया आध्यात्मिक साधना का संदेश

# पुरुषोत्तम मास की एकादशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**जबलपुर, नवभारत।** पुरुषोत्तम मास की एकादशी पर जिलहरी घाट स्थित माँ नर्मदा तट पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अलसुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य के लिए घाट पहुंचे। पूरे दिन नर्मदा तट पर धार्मिक अनुष्ठानों और भजन-कीर्तन का माहौल बना रहा।

पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन नर्मदा तट पर व्रत रखकर आध्यात्मिक साधना कर रही गुजराती समाज की महिलाओं ने एकादशी के अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालु महिलाओं ने माँ नर्मदा में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और भगवान पुरुषोत्तम तथा बाबा भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की।

गुजराती समाज की व्रती महिलाओं द्वारा पूरे पुरुषोत्तम मास में जिलहरी घाट पर नियमित रूप से भगवान पुरुषोत्तम की आराधना, हरिनाम संकीर्तन और जप-अनुष्ठान किए जा रहे हैं। एकादशी के अवसर पर इन धार्मिक गतिविधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**दरिद्र नारायणों की सेवा भी की**- धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर जरूरतमंदों की सेवा भी की। घाट पर दिनभर भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार से पूरा नर्मदा तट भक्तिमय हो उठा।

### इनका कहना है



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषोत्तम मास को अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस माह में किए गए दान, जप, तप और भगवान की आराधना का विशेष फल प्राप्त होता है।

**पारुल पटेल**



अधिकमास में भगवान का स्मरण और नाम-जप करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

**सोना जोबनपुत्रा**



पुरषोत्तम मास में महीने भर व्रत रखकर ईश्वरकी आराधना करते हैंऔर परिवार और समाज के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

**कावेरी मानेक**



पवित्र माह में एक अन्न या एक सब्जी ग्रहण कर उपवास करते हैं और ईश्वर से परिवार की खुशहाली के लिए कामना करते हैं।

**कृष्णा मानेक**

## गुंजन कला सदन का स्वराभिनंदन समारोह आज

**नवभारत, जबलपुर।** शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में आज शाम 6:30 बजे गुंजन कला सदन 'युवा' द्वारा स्वराभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मध्य प्रदेश मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोंटिया एवं जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे एवं बबलू मैथ्यूज के आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर '7 स्टार 7 सिंगर' गीतों का कार्यक्रम अनिकेत देवक के निर्देशन में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें गायक दिलीप कोरी, अवशेष बेंटिया, सुब्रत पात्रा, राजा सोनी, रवि शुक्ला, ध्रुव मुखर्जी, मयंक विश्वकर्मा, अवनि विश्वकर्मा एवं राखी मजूमदार गीतों की प्रस्तुतियां करेंगे।




## मृदुला कोष्ठा की लघुकथा 'मृदुल दृष्टि' का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में नूतन मराठी स्कूल, गोलबाजार में आयोजित समारोह में कवयित्री-कथाकार मृदुला कोष्ठा की लघुकथा कृति 'मृदुल दृष्टि' का विमोचन 11 जून को संपन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि लघुकथा कुछ शब्दों में जीवन की बड़ी सच्चाई, मार्मिक भावना व गहरे संदेश को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त कर पाठकों को चेतना देती है, इस दृष्टि से मृदुला कोष्ठा की लघुकथाएं सार्थक हैं। मुख्य अतिथि जस्टिस मीना भट्ट थीं व अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र मिश्रा ने की। मंगलभाव व्यक्त करते हुए प्रतुल श्रीवास्तव, डॉ. संध्या जैन व डॉ. सलमा जमाल ने इसे कहानी व व्यंग्य से पृथक विधा बताया। स्वागताध्यक्ष रमेश कोष्ठा थे, जबकि स्वागत उद्बोधन आशुतोष तिवारी, विजय अनुज व संतोष नेमा ने दिया। विशिष्ट अतिथि राकेश गढेवाल, कमलेश कोष्ठा व मनीष कोष्ठा ने मृदुला के सृजन को समाज का गौरव बताया। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने कथाकार के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए संचालन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति अर्चना गोस्वामी, प्रभा शील, विनीता पैगवार व प्रीति नामदेव ने दी। पाथेय संस्था के डॉ. आशा पांडे, अमित सिंह, मंजू इंगले, शिवानी भगत, ज्योति प्यासी, महेश स्थापक व दिवाकर शर्मा ने कथाकार एवं अतिथियों को सम्मानित किया। आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किया। समारोह में जस्टिस पुरुषोत्तम भट्ट, हीराधर बडगईया, विमला श्रीवास्तव, पी. के. पासी, डॉ. शिवकुमार सिंह एवं पुरुषोत्तम सराफ आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।